**Regarding alleged increase in incidents of anti-social activities in Rajasthan-Laid**

श्री राहुल कस्वां **(चुरू) :** राजस्थान में चोरी, डकैती व अपराधिक घटनाएं लगातार बढती जा रही हैं, जिसके कारण क्षेत्र का आमजन भय के माहौल में रहने पर मजबूर है । इसके बावजूद राजस्थान सरकार इस पर लगाम लगाने में नाकाम दिखाई दे रही हैं । मेरे संसदीय क्षेत्र में गत दो महीने में 150 से अधिक किसानों के खेतों में से फंवारा सेट, टयूबवैल की केबल व अन्य सामान के चोरियों की वारदातें हो चुकी है, किसान दिनभर काम करता है, लेकिन चोर किसान का सामान चोरी करके भाग जाते है । पुलिस एंव प्रशासन जनता की कोई सुनवाई नही कर रहे है, प्रशासन मौन बेठा है, किसान आन्दोलित हो रहे है । निजी संपति के साथ-साथ इन बेखौफ चोरों द्वारा राजकीय संपति जैसे रेलवे की बिजली केबल, हाई-टेंशन विद्युत लाईनों से तार व विद्युत सामान आदि भी खुले में चोरी किए जा रहे है । असामाजिक-तत्व गिरोह बनाकर चोरी, आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे है । केन्द्र सरकार द्वारा राजस्थान सरकार को तुरंत प्रभाव से निर्देशित किया जाना अत्यंत आवश्यक हैं । अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिए राजस्थान सरकार को निर्देशित किया जाए, ताकि आम आदमी एंव किसान चैन की सांस ले सके ।